**प्रेस नोट**

**जनपद सोनभद्र**

**दिनांकः- 08.11.2023**

**सोनभद्र पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता, 01 नफर अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, 01 अदद DCM ट्रक में लोड 300 पेटी में 2700 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (शराब की अनुमानित कीमत 30 लाख रूपये) बरामद-**

डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राहुल पाण्डेय के निर्देशन में एसओजी/सर्विलांस/आबकारी विभाग व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त टीम ने शराब तस्करी पर अनवरत प्रहार करते हुए अपने मारक आसूचना संजाल एवं इलेक्ट्रानिक सर्विलांस से दिनांक 07/08.11.2023 को समय रात्रि 02.30 बजे मुखबिरी सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने सर्च अभियान के क्रम में मारकुण्डी में बीर लोरिक पत्थर के पास घेराबंदी कर 01 अदद DCM ट्रक संख्या HR69B0060 में सूती कतरनों की बोरियों की छल्ली की ओट में छिपाकर रखी गयी 300 पेटी में 2700 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब MC Dowells No. 1. For Sale in Punjab only (शराब की अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये) मय फर्जी दस्तावेज (कॉटन बिल्टी/रशीद) बरामद कर DCM ट्रक चालक को गिरफ्तार किया, जिसके सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 650/23 अन्तर्गत धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 419, 420, 467, 468, 471 IPC का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वास्तव में मेरे पास से सूती कतरन की जो रसीद एवं बिल्टी है उसे चेकिंग के समय धोखा देने के लिए फर्जी बनवाया गया है। मैकडॉवेल नंबर-1 अंग्रेजी शराब जो पंजाब राज्य में विक्री हेतु वैध है, उसे वर्तमान समय में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों विधानसभा चुनाव को देखते हुए ऊंचे दाम पर बेचने हेतु मेरे वाहन स्वामी ने ही दिनांक 04.11.2023 को ट्रक में लोड करके अम्बाला (पंजाब) से छत्तीसगढ़ के बलरामपुर एवं मध्यप्रदेश के सीधी ले जाने हेतु दिया है। इसके लिए मुझे मजदूरी के अतिरिक्त माल को सही सलामत पहुँचाने पर इनाम के तौर अधिक पैसे देता हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अनमोल पुत्र सतपाल निवासी करौंठा रोहतक हरियाणा उम्र करीब 30 वर्ष (ट्रक का चालक)।

**वांछित अभियुक्त-**

01.DCM ट्रक संख्या HR69B0060 का स्वामी नाम व पता-अज्ञात।

**बरामदगी का विवरण:-**

01. 300 पेटी में 2700 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत 30 लाख रूपये) बरामद।
02. 01 अदद DCM ट्रक संख्या HR69B0060।
03. एक अदद एन्ड्राएड मोबाइल व फर्जी बिल्टी/ई-वे बिल/टैक्स इनवाइस/वेस्टेज काटन ।

**गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरण:-**

01.प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ।
02.निरीक्षक राजेश कुमार सिंह प्रभारी SOG/सर्विलांस जनपद सोनभद्र ।
03.आबकारी निरीक्षक रोहित कुमार जनपद सोनभद्र ।
04.आबकारी निरीक्षक रविनन्दन जनपद सोनभद्र ।
05.आबकारी निरीक्षक अफजल सिद्दीकी जनपद सोनभद्र ।
06.उ0नि0 रामसिंहासन शर्मा प्रभारी चौकी कस्बा राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ।
07.हे0का0 शशिप्रकाश सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 सतीश सिंह, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 रीतेश सिंह पटेल, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया, का0 नन्दलाल राम, का0 संदीप कुमार, हे0का0 अजय मौर्या व का0 रमेश गौड़, चालक सतीश साह- (एसओजी/सर्विलांस टीम/आबकारी टीम/थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम) जनपद सोनभद्र ।

**नोट- सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस टीम को रुपये 15000/- के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।**